**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 08 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे भारत में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने के लिए एक योजना की घोषणा की है। इसके तहत संस्थान की स्थापना के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवायी जायेगी। स्वचालित परीक्षण केंद्र और चालक प्रशिक्षण संस्थान की एकीकृत अवसंरचना के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ हुई बैठक के बाद श्री गडकरी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा --

उन्होंने कहा कि देश में कुशल चालकों की कमी है तथा सरकार और अधिक चालक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए वचनबद्ध है। श्री गडकरी ने कहा कि बैठक में सड़क सुरक्षा पर प्राथमिक रूप से विचार विमर्श हुआ । परिवहन क्षेत्र में बदलावों पर उन्होंने कहा कि बैठक में सभी मुद्दों, उनके समाधान तथा सड़क और परिवहन क्षेत्र में विकास के उपायों पर चर्चा हुई है।

*************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ के महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में हरियाणा विधानसभा कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय कर्मचारी दक्षता विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण भी मौजूद रहे।संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य के विधानसभा कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाना है।लोकसभा की ओर से संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की टीम विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों को विधायी और सचिवालय के कामकाज के संबंध में प्रशिक्षण देगी।

*************************************************************

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में हुई बैठक में हिस्सा लिया।श्री पंवार ने केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि हरियाणा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राज्यों को दिए गए निर्धारित लक्ष्यों को देश में सबसे पहले हासिल करेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है और हर घर को नल से जल की आपूर्ति की जा रही है।

*************************************************************

हरियाणा के स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने एच.एम.पी.वी वायरस को लेकर सिविल सर्जन को एडवाइजरी जारी की गई है।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने बताया -

उन्होंने कहा है कि प्रदेश में अभी एच.एम.पी.वी से संक्रमण का कोई मरीज नहीं है। स्वास्थ्य विभाग को सावधानी के तौर पर सतर्क किया गया है।डॉ कुलदीप ने कहा कि सभी सिविल सर्जन को प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

*************************************************************

हरियाणा सरकार ने डिजिटल भारत की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बी.एस.एन.एल. के साथ मिलकर ग्राम पंचायतों में सरकारी संस्थानों को निःशुल्क फाइबर-टू-द-होम (एफ.टी.टी.एच.) इंटरनेट कनेक्शन प्रदान करने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की है।मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में हुई राज्य ब्रॉडबैंड समिति की दूसरी बैठक में बताया गया कि 130 करोड़ की इस परियोजना को केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाना और ग्रामीण समुदायों को हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाओं तक पहुँच प्रदान करके

सशक्त बनाना है। प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्थापना तिथि से दो वर्षों के लिए 10 एफ.टी.टी.एच. कनेक्शन निःशुल्क दिए जा रहे हैं, जिससे सरकारी कार्यों के लिए डिजिटल पहुँच में उल्लेखनीय सुधार होगा। बी.एस.एन.एल. द्वारा 31 दिसंबरतक 31 हजार 741 कनेक्शन दिए जा चुके हैं।